**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी जोन-11, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

क्रमांक: 90A/JDA/2026-27/102127 **लोक सूचना** दिनांक: 27.10.2026

श्री OMPRAKASH BALAI पुत्र श्री LAXMINARAYAN BALAI POA BHRAMI BUILDESTATE LLP AS A PARTNER KAILASH CHAND SHARMA जाति BALAI निवासी A-20 JANAK VATIKA-2, MUKUNDPPURA ROAD, BHANKROTA, SANGANER, JAIPUR, RAJASTHAN 302026 ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का **आवासीय** प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारी के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

| ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (हेक्ट.) | [illegible] क्षेत्रफल (हेक्ट.) |
|---|---|---|---|---|
| अजयराजपुरा, सॉंगानेर (जयपुर) | 1.) ओमप्रकाश बलाई पुत्र लक्ष्मीनारायण बलाई हिस्सा पूर्ण जाति बलाई नि. प्लाट नम्बर ए-20 जनक वाटिका द्वितीय मुकुन्दपुरा रोड भांकरोटा तहसील सांगानेर जयपुर खातेदार | 1206/74 | 0.064 | 0.064 |
| | | 1210/1200 | 0.1847 | 0.1847 |
| | | 1212/1202 | 0.253 | 0.253 |
| | | 1208/115 | 0.1466 | 0.1466 |
| | | 1204/116 | 0.091 | 0.091 |
| | | 119 | 0.35 | 0.35 |
| | | 120 | 0.28 | 0.28 |
| | | 121 | 0.33 | 0.33 |
| | | 122 | 0.29 | 0.29 |
| | | | कुल | 1.9893 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी SSO ID से लॉग इन कर JDA के 90-A मॉड्यूल अथवा जे.डी.ए. पोर्टल (https://jda.rajasthan.gov.in/) पर 'विज्ञप्ति के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज करें।' Option में जाकर जारी सार्वजनिक सूचना के विरुद्ध अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कराएं। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 27-10-2026 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी जोन-11 जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**

---

## नाम परिवर्तन

मैने मेरा नाम हरजस सिंह वधावन से बदलकर हरजस सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे हरजस सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह के नाम से जाना जावे। निवासी: 210, गोविन्द नगर नेहरू सेवा सदन के पास, आमेर रोड, जयपुर, राजस्थान

मेने अपने पुत्र का नाम विवेक सिंह से बदलकर विवेक सिंह शेखावत रख लिया है। भविष्य में उसे उसके नये नाम विवेक सिंह शेखावत पुत्र श्रीमती भजन कँवर के नाम से जाना जावे। निवासी: राजपूत बास, वार्ड नं. 8, मेलूसर, चूरू, राजस्थान 331022

I have changed my name Sabana Bano to Shabana Bano D/o Liyakat Ali W/o Amjad Haque p.np.19 sabir colony Dada badi road railway station Sanganer Jaipur

नम्बर मिलाइए 8890333139

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## 2 करोड़ की इलायची जब्त

**जयपुर।** जयपुर जंक्शन पर मंगलवार को आरपीएफ और जीआरपी ने चेन्नई से आई ट्रेन के एसएलआर कोच से करीब 2 करोड़ रुपए कीमत की इलायची जब्त की। खेप में 89 बैग में करीब 45 क्विंटल इलायची और कैल्शियम जिंक स्टेबलाइजर के तीन बैग मिले। जांच में जीएसटी बिल और ई-वे बिल नहीं पाए गए। अधिकारियों को 20 से 25 लाख रुपए तक की जीएसटी चोरी की आशंका है। यह जानकारी जयपुर आईपीएफ प्रदीप कुमार ने दी है। जांच में सामने आया कि करीब दो करोड़ रुपए के माल की रेलवे बिल्टी महज 48 हजार रुपए की बनाई गई थी।

## विज्ञप्ति

**सर्वसाधारण की सूचनार्थ अद्वैत वेदांता डिग्री कॉलेज, गंगारामपुरा - बस्सी जिला जयपुर को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान से एनओसी एवं राजस्थान विश्वविद्यालय से कॉलेज संचालन हेतु संबद्धता प्राप्त हुई थी, किन्तु छात्र उपलब्ध नहीं होने के कारण सत्र 2018-19 से ही कॉलेज का संचालन बंद कर दिया गया है।**

**वास्ते :-**
**अग्रवाल एजुकेशन एण्ड रिसर्च सोसायटी, जयपुर**
**सचिव, डॉ. आर.डी. शर्मा**

## उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)

व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 04/2025 उत्तरा.

विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।

प्रार्थी नाम अजय कुमार शर्मा पुत्र विक्रम शर्मा जाति ब्राह्मण

विवाद स्थान प्लाट नं. F-2, फर्स्ट फ्लोर यश अपार्टमेंट XIIth प्लाट नं. ई-126 A (कार्नर) श्री दादू दयाल नगर ई ब्लॉक ग्राम-कल्याणपुरा, तह.-सांगानेर (जयपुर)

मृतक श्रीमती बबीता शर्मा की सम्पत्ति के विषय में।

पेशी दिनांक- 5.12.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम श्रीमती बबीता शर्मा पत्नी श्री अजय कुमार शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी 42/32/2 स्वर्ण पथ मानसरोवर जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।

अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 05 माह 12 सन् 2026 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 15 माह 10 सन् 26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।

मोहर अदालत

**आज्ञा से-शरिस्तेदार**
**अपर जिला एवं सैंशन न्यायाधीश**
**जयपुर महानगर प्रथम**
**मुख्यालय सांगानेर क्रम-10**

## कार्यालय नगर निगम जयपुर

(हवामहल के पीछे बडी चौपड जयपुर)

क्रमांक :- जसअ/2026/273 दिनांक: 23.10.2026

### ई-निविदा सूचना संख्या -30 से 33/2026-27 किशनपोल जोन

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से अधिशाषी अभियन्ता (किशनपोल जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmcheritage.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in तथा www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड की जाकर पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड की जा सकती है।

स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेन्ट पार्टल का **Unique Bid Number JMC2627WSOB00711** से **JMC2627WSOB00714** है।

अधिशाषी अभियन्ता
(किशनपोल जोन)
नगर निगम जयपुर

राज.संवाद/सी/26/12557

# राडो शोरूम से पांच करोड़ की 251 घड़ियां चुराने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

## जयपुर पुलिस ने 25 दिन में 800 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** टोंक रोड पर ग्लास फैक्ट्री के पास स्थित राडो घड़ी शोरूम से 251 महंगी घड़ियां चोरी करने के मामले में बजाज नगर थाना पुलिस, सीएसटी और डीएसटी की संयुक्त टीम ने अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बिहार के मोतिहारी से अजय प्रसाद उर्फ अजय जायसवाल (41) और दिनेश पासवान (46) को गिरफ्तार किया है। चोरी गई घड़ियों की कीमत करीब 4 से 5 करोड़ रुपए बताई गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर छह दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को शोरूम का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था।

पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि इस मामले में पुलिस की विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस ने घटनास्थल से लेकर रास्तों, बस स्टैंडों और रेलवे स्टेशनों के 800 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच के दौरान दिल्ली और गाजियाबाद से सुराग जुटाते हुए बिहार के मोतिहारी और घोड़ासन तक पहुंचकर आरोपियों की पहचान की गई। जयपुर, कोटपुतली, गुरुग्राम, दिल्ली, गाजियाबाद, मोतिहारी, बीरगंज और रक्सौल सीमा क्षेत्र में 50 से अधिक स्थानों पर दबिश दी गई। यह गिरोह देश के प्रमुख शहरों में महंगी घड़ियों, मोबाइल फोन और आभूषणों की दुकानों को पहले चिन्हित करता था। वारदात के लिए अलसुबह दुकान के सामने पर्दा या चादर लगाकर शटर तोड़ा जाता और कुछ ही मिनटों में चोरी कर आरोपी फरार हो जाते थे। पुलिस ने गिरोह में सुबोध उर्फ विकास डूम, सुरेन्द्र प्रसाद उर्फ बैला, अरुण शाह, श्याम बाबू उर्फ गुल्लीशाह, अजय प्रसाद जायसवाल, राजा मलाहा,साहनी, राजकुमार मलाहा और दिनेश पासवान के शामिल होने की जानकारी दी है।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तारी के बाद अजय प्रसाद को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। इस दौरान उसने दीवार से कूदकर भागने का प्रयास किया, जिससे उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया। उसे उपचार के लिए जयपुरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।पूछताछ में गिरोह की ओर से देश के विभिन्न राज्यों में मोबाइल शोरूमों में चोरी की वारदातें करने की जानकारी सामने आई है। इनमें कोटा के गुमानपुरा, मध्यप्रदेश के उज्जैन और रतलाम, गुजरात के वडोदरा, केरल के कोल्लम, दिल्ली के पहाड़गंज और शाहदरा, पश्चिम बंगाल के आसनसोल व जलपाईगुड़ी क्षेत्र, त्रिपुरा और झारखंड के धनबाद सहित कई स्थान शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, उज्जैन से 31, रतलाम से 98, वडोदरा से 73 और धनबाद से 173 मोबाइल चोरी किए जाने की वारदातें भी जांच में सामने आई हैं। दिल्ली के सुल्तानपुरी सब्जी बाजार क्षेत्र से 58 मोबाइल चोरी होने का मामला भी बताया गया है।पुलिस का कहना है कि गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के माल की बरामदगी के संबंध में पूछताछ जारी है। जांच में अन्य वारदातों के खुलासे की संभावना है।

गिरफ्तार आरोपी अजय प्रसाद उर्फ अजय जायसवाल और दिनेश पासवान

- पुलिस ने करीब 3000 किलोमीटर तक पीछा कर आरोपियों को मोतिहारी से पकड़ा
- देश के कई राज्यों में मोबाइल शोरूम में चोरी की वारदातों का भी खुलासा

# पतंजलि विवि. में 29 से 31 अक्टूबर तक होगा प्राच्यविद्या सम्मेलन

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार में 29 से 31 अक्टूबर तक 52वां अखिल भारतीय प्राच्यविद्या सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें देश-विदेश के विद्वान भारतीय दर्शन, संस्कृति, इतिहास, संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श करेंगे।

योगगुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने मंगलवार को सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की। स्वामी रामदेव ने कहा कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं प्रसार का महत्वपूर्ण मंच है। भारतीय दर्शन, नैतिक मूल्यों और मानव कल्याण की अवधारणाएं आज भी वैश्विक समाज को दिशा देने में सक्षम हैं। स्वामी रामदेव ने बताया कि 30 अक्टूबर को प्रस्तावित 'सनातन शास्त्र विमर्श' में विश्वविद्यालयों के कुलपति और शिक्षाविद शिक्षा के भविष्य, संस्कृत के संरक्षण-संवर्धन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने पर चर्चा करेंगे। उन्होंने युवा पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना, नैतिकता और कर्तव्यबोध विकसित करने पर भी जोर दिया। सम्मेलन में पुस्तक मेला, भारतीय संस्कृति एवं लोककला प्रदर्शनी, पंडित परिषद, शास्त्रार्थ, शिक्षा संवाद, युवा शक्ति विमर्श, कवि गोष्ठी, शास्त्रीय संगीत, नृत्य, लोककलाओं तथा योग, आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धितयों से जुड़े कार्यक्रम होंगे। शोध सत्रों में प्राच्यविद्या, इतिहास, पुरातत्त्व, भाषा-विज्ञान और पांडुलिपि अध्ययन पर शोधपत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। तैयारी बैठक में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण, प्रति कुलपति साध्वी देवप्रिया, डॉ. वेदप्रिया, क्रय समिति की अध्यक्ष बहन अंशुल, संप्रेषण विभाग प्रमुख बहन पारुल, संकायाध्यक्ष मयंक अग्रवाल सहित सम्मेलन समन्वयक, शिक्षक और विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'राजस्थान में 51790 कि.मी. सड़कों का विकास हुआ'

## राज्य सरकार ने इस प्रोजेक्ट पर 37527 करोड़ रुपये खर्च किए

**जयपुर (कासं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार सड़क संपर्क मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। सरकार का दावा है कि मौजूदा कार्यकाल में सार्वजनिक निर्माण विभाग ने 37527 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करके 51 हजार 790 किलोमीटर सड़कों का विकास किया है। इसमें 9704 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 18917 किलोमीटर लंबाई की नई सड़कों का निर्माण शामिल है।

"विकसित भारत" के विजन के अनुरूप सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए 603 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों पर 4210 करोड़ रुपये तथा राज्य राजमार्गों और मुख्य जिला सड़कों के 8318 कि.मी. के कार्यों पर 11302 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। सितंबर-अक्टूबर 2026 में मुख्यमंत्री ने सभी 41 जिलों में सार्वजनिक निर्माण विभाग के 3040 करोड़ रुपये की लागत वाले 1763 कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही 371 करोड़ रुपये के 261 कार्यों का लोकार्पण किया।

### 1760 गांव व 21 बसावटें डामर सड़कों से जुड़ीं

ग्रामीण सड़क विकास के लिए 23,952 किलोमीटर लंबाई के कार्यों पर 12 हजार 311 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए हैं। इसके तहत 1760 गांवों और 21 बसावटों को डामर सड़कों से जोड़ा गया है। अटल प्रगति पथ योजना के तहत 5000 से अधिक आबादी वाले गांवों में 765 अटल प्रगति पथों के निर्माण के लिए 1,686 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां जारी की गई हैं। इनमें से 335 का निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य 31 जनवरी 2027 तक पूरे करने का लक्ष्य है।

### 6815 कि.मी.सड़कों का नवीनीकरण-निर्माण

वर्ष 2026-27 में नॉन-पेचेबल सड़कों के नवीनीकरण और नए मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण के लिए 3453 कार्यों की 2226 करोड़ रुपये की स्वीकृतियां जारी की गई हैं। इनमें से 2836 कार्यों के कार्यादेश जारी हो चुके हैं। इनके तहत 6815 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण और नया निर्माण किया जा रहा है। वर्षा से क्षतिग्रस्त पुलियाओं की मरम्मत के लिए 21 जिलों के 73 विधानसभा क्षेत्रों में 58 करोड़ रुपये की लागत से 424 कार्य जल्द शुरू किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### आरओबी, आरयूबी और एलिवेटेड रोड बनाईं

प्रदेश में 13 रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) और 17 रेलवे अंडरब्रिज (आरयूबी) का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 39 आरओबी और 12 आरयूबी के कार्य प्रगतिरत हैं। इसके अलावा 13 उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण पूरा हो गया है और 13 का काम जारी है। भरतपुर में हीरादास चौराहे से कुम्हेर गेट चौराहे तक तथा काली बगीची चौराहे से बिजलीघर चौराहे होते हुए आरबीएम अस्पताल तक एलिवेटेड रोड का निर्माण चल रहा है। जयपुर के सांगानेर क्षेत्र में मुहाना मोड़ पर भी एलिवेटेड रोड बनाई जा रही है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों के 52 कार्य पूर्ण हुए

राष्ट्रीय राजमार्गों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के तहत 1,900 करोड़ रुपये खर्च कर 610 किलोमीटर लंबाई के 26 कार्य पूरे किए जा चुके हैं। वहीं, 3,220 करोड़ रुपये की लागत से 303 किलोमीटर के 26 कार्य प्रगतिरत हैं। वार्षिक योजना 2026-27 में 12,461 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्गों के 623 किलोमीटर के कार्यों को अनुमोदित किया गया है। इनमें 3,920 करोड़ रुपये की लागत से 190 किलोमीटर लंबाई के चार कार्यों को स्वीकृति मिल चुकी है।

राजस्थान सरकार

राजीविका

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद्

राजीविका
दिवाली मेला 2026

प्रवेश निःशुल्क

रोशनी त्योहार की, पहचान हुनर की

100 स्वयं सहायता समूह शामिल

मेले के प्रमुख आकर्षण

- हथकरघा: कोटा डोरिया, मोडल सिल्क, अजरख प्रिंट एवं कशीदाकारी
- हस्तशिल्प: मीनाकारी, टेराकोटा, लेदर उत्पाद एवं सजावट सामग्री
- प्राकृतिक खाद्य उत्पाद: पारंपरिक अचार, पापड़ एवं अन्य उत्पाद
- राजस्थानी व्यंजन: राजस्थानी थाली, दाल-बाटी-चूरमा एवं केर-सांगरी

मेला अवधि: 28 अक्टूबर से 4 नवंबर, 2026

प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक

इंदिरा गांधी पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास संस्थान
(IGPRS) परिसर, जेएलएन मार्ग, जयपुर

स्वदेशी अपनाएँ, स्थानीय हुनर को बढ़ाएँ

राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद् | ग्रामीण विकास विभाग | राजस्थान सरकार

राजस्थान संवाद

तेजी से आगे बढ़ाएं अपने मार्केट के रिटर्न को

एलआईसी इंडेक्स प्लस

UIN: 512L354V01 | Plan No.: 873

ऑनलाइन भी उपलब्ध

मार्केट रिटर्न के साथ जीवन सुरक्षा का लाभ

एक नॉन - पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

- मात्र ₹2,500/- के मासिक प्रीमियम से शुरुआत कीजिए
- दो फ़ंड्स में से चुनिए - **निफ्टी 50** (फ्लैक्सी स्मार्ट ग्रोथ फ़ंड) या **निफ्टी 100** (फ्लैक्सी ग्रोथ फ़ंड) के चुनिंदा स्टॉक्स में 100% तक निवेश
- गारंटीड एडीशन्स के साथ*

* नियम व शर्तें लागू

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

LIC/P/2024-25/22/Hin

अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें या आपके शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विजिट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi' | हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स, पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से भिन्न होते हैं तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम के अधीन होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार है.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया केवल जीवन बीमा कंपनी का नाम है तथा इंडेक्स प्लस केवल लिंक्ड इंश्योरेन्स संविदा का नाम है तथा किसी भी रूप में संविदा की गुणवत्ता, इसकी भावी संभावनाओं या आमदनियों की ओर संकेत नहीं करता है.
कृपया अपने बीमा एजेन्ट या मध्यवर्ती या इंश्योरेन्स कंपनी द्वारा जारी पॉलिसी दस्तावेज से संबंधित जोखिमों और लागू प्रभारों की जानकारी प्राप्त कर लें.
इस संविदा के अंतर्गत पेश किए गए विभिन्न फ़ंड्स केवल फ़ंड्स के नाम हैं तथा वे किसी भी रूप में इन प्लान्स की गुणवत्ता, उनकी भावी संभावनाओं तथा आमदनियों की ओर संकेत नहीं करते हैं.